फा.सं.डी-21021/01/2019-एनएमआरएफ
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र

ए-50, सेक्टर 62,
नोएडा, उत्तर प्रदेश
दिनांक: 03.11.2020

**विषय: हिंदी पखवाड़े के आयोजन पर प्रतिवेदन**

राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र, नोएड़ा में दिनांक 14 सितंबर, 2020 से 30 सितंबर, 2020 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। कोविड़-19 के मद्देनजर कार्यालय में कुल छ (06) प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। हिंदी पखवाड़े का विधिवत उदघाटन दिनांक 14 सितंबर, 2020 को कार्यालय प्रमुख, डॉ.आशीष कुमार मित्रा, डॉ.मुनमुन दास गुप्ता, वैज्ञानिक-जी, डॉ.प्रवीन कुमार डी, वैज्ञानिक-जी एवं श्री मनोज गुप्ता, निदेशक (प्रशा./स्था.), द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर कार्यालय के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। श्री अनिल कुमार, कनिष्ठ सहायक ने कार्यक्रम का सूत्रसंचालन किया। इस अवसर पर सर्वप्रथम श्री अमित कुमार, आशुलिपिक द्वारा माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार अमित शाह जी के संदेश का वाचन किया गया।

श्री मनोज गुप्ता, निदेशक ने हिंदी पखवाड़े के उदघाटन के अवसर पर सभी का स्वागत किया और हिंदी पखवाड़े के दौरान होने वाली प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी और कहा कि इस हिंदी पखवाडे में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत होने वाली प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेकर उसे सफल बनाने का आवाहन किया। तदोपरांत श्री अनिल कुमार, कनिष्ठ सहायक ने प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी।

हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर प्रमुख महोदय ने सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बताया कि हमारे प्रधान मंत्री जी हिन्दी भाषा को विश्व स्तर पर विख्यात करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी के मद्देनजर रखते हुए उन्होंने आग्रह किया कि हम सभी 'क' क्षेत्र में कार्य करते हैं। हमें ज्यादा से ज्यादा कार्य हिन्दी में ही करना चाहिए और अंत में अपने भाषण में कहा कि हिंदी पखवाड़े में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताएं कार्यालय के सभी अधिकारियों कर्मचारियों को लाभप्रद साबित होगी।

राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र, नोएड़ा में हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित कार्यक्रम/प्रतियोगिताएं और विजेताओं के नाम निम्नानुसार है:-

| क्रम सं. | दिनांक | कार्यक्रम/प्रतियोगिता | विजेताओं के नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 14.09.2020 | कविता पाठ | प्रथम श्री मोमीन चौधरी, सहा.सू.पु.अधि.(ए.एल.आईओ)<br>द्वितीय श्री बिजेन्द्र कुमार, प्रशासनिक पर्यवेक्षक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | तृतीय श्री दिनेश कुमार, बहुकार्य कर्मचारी |
| 2. | 15.09.2020 | हिंदी सुलेख प्रतियोगिता (एम.टी.एस.) | प्रथम श्रीमती रचना पाल, बहुकार्य कर्मचारी<br>द्वितीय श्री अभिषेक कुमार , बहुकार्य कर्मचारी (अनुबंध)<br>तृतीय श्री सोनू, बहुकार्य कर्मचारी |
| 3. | 17.09.2020 | वाद-विवाद प्रतियोगिता | प्रथम श्री सुशांत कुमार, परि.वैज्ञानिक<br>द्वितीय श्री हरीश चंद खाती, सलाहकार<br>तृतीय डॉ.हाशिमी फातिमा, वैज्ञानिक-डी |
| 4. | 18.09.2020 | हिंदी टिप्पण व प्रारूप लेखन प्रतियोगिता | प्रथम सुश्री नेहा शर्मा, डीईओ<br>द्वितीय श्री अमित कुमार, आशुलिपिक<br>तृतीय श्रीमती हेमा रावत, अनुभाग अधिकारी |
| 5. | 21.09.2020 | अनुवाद प्रतियोगिता | प्रथम सुश्री कौशांबी ज्योति, जेआरएफ<br>द्वितीय श्री अमित कुमार, आशुलिपिक<br>तृतीय श्रीमती हेमा रावत, अनुभाग अधिकारी |
| 6. | 22.09.2020 | हिन्दी टाइपिंग | प्रथम श्री अनिल कुमार, कनिष्ठ सहायक<br>द्वितीय श्री मोहित शर्मा, कनिष्ठ सहायक<br>तृतीय श्री अशोक रंगा, वरिष्ठ सचि.सहा. |
| **हिंदीत्तर भाषीयों के लिए प्रतियोगिता एवं विजेता प्रतिभागी** | | | |
| | **वाद-विवाद प्रतियोगिता**<br>15.09.2020 | | प्रथम डॉ.उपल शाह, परि.वैज्ञानिक<br>द्वितीय डॉ.बुसेर एम.टी.परि.वैज्ञा.<br>तृतीय डॉ.कोन्डापल्ली निरंजन कुमार, वैज्ञानिक |
| | **अनुवाद प्रतियोगिता**<br>21.09.2020 | | प्रथम श्री अभिषेक लोध, परि.वैज्ञा.<br>द्वितीय श्री असीम कुमार मजूमदार, कनिष्ठ विश्लेष<br>तृतीय डॉ.उपल शाह, परि.वैज्ञानिक |

दिनांक 09 अक्तूबर, 2020 को हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण विडियों कॉन्फ्रेसिंग द्वारा किया गया। इस अवसर पर निदेशक महोदय ने सभी को अवगत कराया कि पखवाड़े में आयोजित सभी प्रतियोगिताओं में आधिकारी एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर सहभागी हुए, जिसमें कविता पाठ और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं की काफी सराहना हुई। हिंदी पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद दिया।

हिन्दी पखवाड़ा के समापन समारोह में **श्री मनोज अबुसरिया, संयुक्त निदेशक (रा.भा.), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय** मुख्य अतिथि रहे।

श्री मनोज अबुसरिया, संयुक्त निदेशक (रा.भा.), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह में सभी का स्वागत किया एवं इसके सफल आयोजन के लिए कार्यालय के निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख का अभिनंदन किया तथा सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई दीं। अपने संबोधन में कहा कि राज्य ईकाई का यह

कार्यालय 'क' क्षेत्र में आने वाला अधिसूचित कार्यालय है, अत: हिंदी में काम करना सभी की जिम्मेदारी है। इस कार्यालय में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए जिन अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षण की आवश्यकता है उनका रोस्टर तैयार कर उनको प्रशिक्षण दिया जाए। जिससे कार्यालयीन कामकाज में सहायता मिलेगी और अंत में उन्होंने कहा कि पहले की अपेक्षा इस कार्यालय में काफी कार्य हिंदी में किया जा रहा है। ये सराहनीय के पात्र है।

कार्यालय प्रमुख, श्री मनोज गुप्ता, निदेशक (प्रशा./स्था.) तथा मुख्य अतिथि श्री मनोज अबुसरिया ऑनलाइन वैब के माध्यम से हिंदी पखवाड़ा में आयोजित प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों के नाम घोषित किए गए।

निदेशक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि यह पखवाड़ा काफी जोशपूर्ण रहा है। इस साल कविता पाठ एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं को काफी सराहा गया और इसमें सभी स्वंयस्फूर्ति से सहभागी हुए। यह भी अवगत कराया कि राजभाषा विभाग द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन का पालन करते हुए कार्यालय में जगह-जगह 10 महानुभावों द्वारा रचित वाक्यों को एक्रेलिक शीट पर लगाया गया है। इस पखवाड़ा में विभिन्न प्रतियोगिताओं को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए उन्होंने सभी संचालकों का धन्यवाद दिया। तदोपरांत, उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा में प्रशिक्षण हेतु शेष अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्यालय द्वारा प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा तथा यह भी अवगत कराया कि कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रशिक्षण हेतु इस कोविड़ जैसी महामारी में भेजा जाना उचित नहीं होगा परंतु इसका ऑनलाईन के माध्यम से कोई समुचित समाधान निकालना होगा। उन्होंने ज्यादात्तर कार्य हिंदी में करने के लिए आवाहन किया। अंत में, उन्होंने हिंदी पखवाड़े में सहभागी होकर इसे सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

मनोज गुप्ता

**(मनोज गुप्ता)**
**निदेशक (प्रशा./स्था.)**

**<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ:</u>**

1. **सचिव (राजभाषा), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एनडीसीसी-।। भवन, ए-विंग, तृतीय तल, जयसिंह रोड, नई दिल्ली-110001**
2. **संयुक्त सचिव (राजभाषा), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एनडीसीसी-।। भवन, ए-विंग, तृतीय तल, जयसिंह रोड, नई दिल्ली-110001**
3. **संसदीय राजभाषा समिति (हिन्दी अनुभाग), 11 तीन मूर्ति मार्ग नई दिल्ली।**
4. **संयुक्त निदेशक (राजभाषा), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, लोदी रोड़ नई दिल्ली ।**
5. **कार्यालय प्रमुख के निजी सहायक, रा.म.अ.मौ.पू.कें, नोएडा ।**
6. **डॉ.बी.अतियमन, वैज्ञानिक-एफ (कंप्यूटर हैड), कार्यालय की वैबसाइट पर अपलोड़ करने हेतु अनुरोध।**
7. **गार्ड फाइल**